अमर उजाला
बरेली
मंगलवार, 3 अक्तूबर 2017
amarujala.com

PAGE NO. 5 : TOP MIDDLE

एसआरएमएस ट्रस्ट ने 735 विद्यार्थियों को दी छात्रवृत्ति

छात्रवृत्ति वितरण करते कुलपति प्रो. अनिल कुमार शुक्ला।

छात्रवृत्ति पाने के बाद खुश नजर आए विद्यार्थी।

अमर उजाला ब्यूरो

बरेली।

राममूर्ति की 29वीं पुण्यतिथि पर हुआ कार्यक्रम का आयोजन

श्री राममूर्ति की 29 वीं पुण्यतिथि पर श्री राममूर्ति स्मारक ट्रस्ट की ओर से संचालित सभी महाविद्यालयों के विभिन्न पाठ्यक्रमों के 735 मेधावियों को कुल तीन करोड़ की छात्रवृत्ति बांटी गई। इसके अलावा संस्थान में होने वाली प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर अनिल कुमार शुक्ला और ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति ने छात्रवृत्ति का वितरण किया।

श्री राम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के सभागार में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुआ। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का जन्म दिन भी मनाया गया। इस मौके पर ध्वजा रोहण के बाद अतिथियों ने श्री राममूर्ति को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके जीवन और क्षेत्र के विकास में किये गए योगदान को याद किया। इसके बाद ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति ने ट्रस्ट की उपलब्धियां गिनाई। भावी योजनाओं के बारे में भी बताया। इस मौके पर कहानी प्रतियोगिता के विजेता अंशिका अग्रहरि 5100 रुपये, वारिश गौतम को द्वितीय पुरस्कार 4100 और नेहा सुरभी तृतीय पुरस्कार 3100 रुपये और नमन उपाध्याय और सार्थक को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। वाद विवाद प्रतियोगिता के लिए जीआरएम की छात्रा को पुरस्कृत किया गया। इसके बाद श्री राम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के 291, श्री राम मूर्ति स्मारक इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंस के 15 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की गई। श्री राम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी रिसर्च के 35, ट्रस्ट के लखनऊ के इंजीनियरिंग कॉलेज के 11 छात्र, श्री राम मूर्ति स्मारक इंटरेशनल बिजनेस स्कूल लखनऊ के एक छात्र को छात्रवृत्ति दी गई। श्री राम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी लखनऊ बीटेक के 11 और लखनऊ बिजनेस स्कूल के पीजीडीएम के एक छात्र को छात्रवृत्ति के लिए चुना गया। एसआरएमएस के एमबीबीएस 2012 और 2014 के 15 छात्र, बीटेक कंप्यूटर साइंस के 35 छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की गई। बीटेक विभिन्न ब्रांच के 291 छात्र, बीफार्मा 2014 के 44 छात्र भी चुने गए। एमटेक 2016 बैच के तीन छात्र, एमसीए और एमबीए को मिलाकर कुल 735 छात्रों को छात्रवृत्ति मिली। 75 फीसदी से अधिक अंक वालों को बीस हजार, 80 फीसदी से अधिक अंक वालों को तीस हजार से लेकर 90 हजार और मेडिकल के छात्रों को सवा लाख की छात्रवृत्ति प्रदान की गई। समारोह में श्यामलाल कनौजिया, गुरु मेहरोत्रा, अश्वनी ओबराय, प्रेम प्रकाश गुप्ता, डॉ. अजय कुमार शर्मा, डॉ. एपी सिंह, ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति, डॉ. आरसी प्रोहित, सुभाष मेहरा आदि मौजूद रहे।

पंद्रह करोड़ तक की छात्रवृत्ति देने की योजना: कार्यक्रम के दौरान ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति ने ऐलान किया है कि ट्रस्ट के माध्यम से भविष्य में पंद्रह करोड़ तक की छात्रवृत्ति देने की योजना है। ट्रस्ट की शुरुआत के बारे में बताया कि पहली बार 11 छात्रों को स्कालरशिप दी गई थी जो आज 735 हो गई हैं और आने वाले दिनों में यह संख्या एक हजार तक पहुंचाने की कोशिश रहेगी।